# द इंफोनिक
एक ई-शासन सूचनापत्र
एनआईसी छत्तीसगढ़

अंक 1 सं. 2 अक्टूबर 2021

राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है।

~ महात्मा गाँधी

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र
छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र
ए डी - 2 दूसरी मंजिल, कमरा नं. 14,15,16
महानदी भवन , मन्त्रालय,
नवा रायपुर अटलनगर
छत्तीसगढ़ – 492002
https://chhattisgarh.nic.in




## समसामयिकी

### संभागायुक्त बिलासपुर वेबसाइट का उद्घाटन http://dc.bilaspur.gov.in

31 अगस्त, 2021 को मंडलायुक्त बिलासपुर मंडल की वेबसाइट का शुभारंभ संभागीय आयुक्त डॉ. संजय अलंग, आईएएस द्वारा अतिरिक्त आयुक्त श्री केएल चौहान, आईएएस, उपायुक्त डॉ अर्चना मिश्रा, डीआईओ एनआईसी श्री अरविंद यादव, मनीष कुमार एनएफओ और आयुक्त कार्यालय के कर्मचारी की उपस्थिति में किया गया । वेबसाइट की विशेषताएं - होम, हमारे बारे में, संभागीय न्यायालय, प्रशासनिक व्यवस्था, अधिनियम, सूचना, आरटीआई और फोटो गैलरी हैं । डॉ. संजय अलंग ने एनआईसी बिलासपुर द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।







### एनआईसी छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त अधिकारियों का धमतरी जिले का एक्सपोजर दौरा

28 अगस्त 2021 को छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में नए शामिल हुए एनआईसीयंस के एक दिवसीय एक्सपोजर दौरे की योजना बनाई गई थी। डीआईओ एनआईसी ने उन्हें एनआईसी जिला केंद्र का दौरा कराया और ई-गवर्नेंस पहल के कार्यान्वयन में डीआईओ की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने ई-गवर्नेंस समीक्षा बैठक देखी, जहां धमतरी जिले में शुरू किए गए ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों पर एक विस्तृत प्रस्तुति में डीआईओ एनआईसी द्वारा कलेक्टर, एसआईओ और एनआईसी और जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दिया गया था। कलेक्टर ने उनसे बातचीत की और उनके भविष्य के कार्यों के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए। कलेक्टर ने टीम को धमतरी जिले के लोकप्रिय पर्यटन स्थल गंगरेल बांध का भ्रमण कराया।




### राजस्व मंडल, छत्तीसगढ़ की वेबसाइट का उद्घाटन

28 जुलाई 2021 को राजस्व मंडल की आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन माननीय श्री जय सिंह अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग के प्रभारी कैबिनेट मंत्री द्वारा किया गया। वेबसाइट की विशेषताएं हमारे बारे में, सर्किट कोर्ट, प्रशासनिक सेटअप, जिम्मेदारी, अधिनियम, नोटिस, वाद सूची और अंतिम आदेश, मिशन और विजन, फोटो गैलरी




और निर्देशिका हैं और यह बहु भाषाओं - हिंदी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी का समर्थन करती है।

छत्तीसगढ़ राजस्व मंडल के अध्यक्ष श्री सी.के. खेतान, आईएएस ने कम अवधि में वेबसाइट को विकसित करने और होस्ट करने के लिए एनआईसी जिला केंद्र, बिलासपुर द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।



### केंद्रीय सचिवालय छत्तीसगढ़ उद्घाटन - एनआईसी छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदान किया गया नेटवर्क और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समर्थन।

केंद्रीय सचिवालय नवा रायपुर छत्तीसगढ़ में राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी डॉ. ए. के. होता , डीडीजी के मार्गदर्शन में श्री सुरेंद्र अग्रवाल, नेटवर्क और वीसी सह-समन्वयक के नेतृत्व में नेटवर्क और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवाओं का समर्थन प्रदान किया गया था, जो कि आभासी उद्घाटन के दवारा दो दिनों की समय सीमा के भीतर 27 अगस्त 2021 को माननीय श्री हरदीप सिंह पुरी (केंद्रीय आवास और शहरी मामलों और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस ) मंत्री द्वारा केंद्रीय सचिवालय मे किया गया था ।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा 6.91 करोड़ रुपये की लागत से नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में 15 केंद्र सरकार के विभागों को रखने के लिए एक केंद्रीय सचिवालय का निर्माण किया गया था और इससे सालाना 4 करोड़ रुपये की बचत होगी।




पांच मंजिलों और एक बेसमेंट वाली इस इमारत में 800 लोग और 192 वाहन रह सकते हैं। भवन में प्रदान की गई 50 एमबीपीएस की निकनेट कनेक्टिविटी और स्थान पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं स्थापित की गई। सीपीडब्ल्यूडी ने संसाधनों के संरक्षण में मदद करने के लिए इमारत में 100 किलोवाट बिजली क्षमता वाले रूफटॉप सोलर पैनल, एलईडी फिटिंग और वर्षा जल संचयन जैसी हरित और ऊर्जा-कुशल सुविधाओं को शामिल किया।

डीजी, सीपीडब्ल्यूडी श्री शैलेंद्र शर्मा, सीपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य और जिला प्रशासन, एनआईसी नेटवर्क और वीसी समन्वयक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एनआईसी छत्तीसगढ़ द्वारा नेटवर्क और वीसी सुविधाओं के समय पर प्रावधान की सराहना की गई।

## हिन्दी पखवाड़ा | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र में हिंदी पखवाड़ा 2021 का आयोजन (14.09.2021 से 28.09.2021)

***राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र में दिनांक 14.09.2021 से 28.09.2021 तक हिंदी पखवाड़ा 2021 का आयोजन किया गया।***

**दिनांक 14.09.2021 को हिंदी दिवस पखवाड़े के शुभारम्भ कार्यक्रम** में राज्य एवं जिले के सभी अधिकारी/कर्मचारी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सम्मलित हुए।

हिंदी पखवाड़े के शुभारम्भ अवसर पर श्री. पी. रामाराव, वैज्ञानिक-ऍफ़ एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम **हिंदी भाषा की "राजभाषा प्रतिज्ञा" की शपथ** दिलाई गई एवं हिन्दी दिवस की शुभकामनाओ के साथ-साथ कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के उपयोग अधिक-से-अधिक करने पर जोर दिया। तत्पश्चात पखवाडा के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की जानकारी भी दी गई। राजभाषा अधिकारी ने कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से सभी प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक हिस्सा लेने की अपील के साथ-साथ प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।





***प्रतियोगिताओं के क्रम में*** सर्वप्रथम **"क्या पश्चिमी संस्कृति, भारतीय संस्कृति को नष्ट कर रही है ?"** विषय पर हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार काफी सटीकता के साथ निर्णायकों के समक्ष रखा। कार्यक्रम मे प्रतिभागियों का उत्साह देखते बनता था।

***द्वितीय क्रम में दिनांक 21.09.2021 को "हिन्दी अनुवाद एवं गद्यांश पठन" प्रतियोगिता"*** का आयोजन अहिंदी भाषी के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई। राज्य केंद्र एवं विभिन्न जिला केंद्रों मे पदस्थ अहिंदी भाषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। हिन्दी अनुवाद एवं गद्यांश पठन के साथ-साथ दिए गए कहानी में उचित शब्द से रिक्त स्थानों को भरने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को हिन्दी सीखने, समझने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता काफी मददगार साबित होते हैं।

***प्रतियोगिता के तीसरे क्रम में दिनांक 23.09.2021 को हिन्दी प्रश्ननोत्तरी एवं वर्ग पहेली प्रतियोगिता*** का आयोजन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए किया गया। दोनों ही प्रतियोगिता काफी रोचक एवं ज्ञानवर्धक रहे।







**हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की अंतिम कड़ी में दिनांक 25.09.2021 को देश-भक्ति पर आधारित हिन्दी काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

समारोह का प्रारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। उसके बाद संस्थान द्वारा मुख्य अतिथि डॉ शंकर मुनि राय, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के प्रोफेसर को शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस आयोजन को डॉ शंकर मुनि राय ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस अवसर पर आपने कहा कि हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं बल्कि एक संस्कृति भी है, यह हमें संस्कार भी देती है। भारत की सांस्कृतिक एकता को जोड़ने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसमें देशी-विदेशी भाषाओं के समन्वय की अद्भुत क्षमता है। अतः हमें चाहिए कि हम इसे नई पीढ़ी को सौंपने के लिए अपने घरों में हिंदी बोलने-पढ़ने का माहौल पैदा करें। वैश्विक रोजगार के लिए विविध भाषाओं की जानकारी जरूरी है,पर हिंदी की उपेक्षा करके हम उन्नति नहीं कर सकते।

***उसके बाद आपने संस्था द्वारा प्रकाशित मासिक हिंदी पत्रिका 'द इंफोनिक' के पहले अंक का विमोचन किया। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।***

समारोह का संचालन करते हुए संस्थान के वैज्ञानिक -ई व उपमहाप्रबंधक , निकसी श्री सत्येश कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के साहित्य यात्रा पर आधारित विडिओ का प्रदर्शन किया ।

श्री पी. रामाराव, राजभाषा अधिकारी ने बताया कि इस हिंदी पखवाड़े में अहिंदी भाषी स्टाफ के लिए हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता सहित सभी के लिए हिंदी निबंध लेखन एवं हिंदी काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिला सूचना केंद्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहर्ष भाग लिया था।

श्री ऋषि राय, हिन्दी अधिकारी, ने काव्य-पाठ प्रतियोगिता का सफल संचालन के साथ-साथ प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन भी करते रहे।

राज्य सूचना अधिकारी एवं उपमहानिदेशक डॉ ए. के. होता की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आनलाइन जुड़कर कार्यक्रम को संबोधित किया।






